# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–18 जनवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वचुर्अल माध्यम से उत्तर प्रदेश समेत दस राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों के संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत पैंसठ लाख से अधिक संपत्ति कार्ड घरौनियों का वितरण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में लखनऊ से वचुर्अल माध्यम से जुड़े और प्रदेश के कई लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड–घरौनी प्रदान किया। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के अंदर अभी तक दो करोड़ 14 लाख से अधिक स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रॉपर्टी कार्ड वितरित हुए हैं। उनमें से एक करोड़ से अधिक अकेले उत्तर प्रदेश से हैं। आज प्रदेश के उन्तालीस हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में 45 लाख से अधिक घरौनी का वितरण किया जा रहा है।

**अब आपको इस बात की चिंता नहीं है कि जहां भी आपका मकान है इस पर कोई दबंग या कोई दूसरा व्यक्ति जबरदस्ती कब्जा नहीं कर पाएगा क्योंकि वह सारा का सारा रिकॉर्ड राजस्व विभाग के पास मौजूद हो चुका है अब कोई भी व्यक्ति आपकी जमीन पर कब्जा नहीं कर पाएगा।**

उधर, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और राज्यमंत्री–स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल ने आज वाराणसी के मंडलायुक्त सभागार में तीन हजार आठ सौ बहत्तर लोगों को घरौनी प्रमाण पत्र प्रदान किया।

श्री सिंह ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण जनता को प्रधानमंत्री की अनोखी सौगात है। इसी क्रम में अम्बेडकरनगर में भी स्थानीय जन प्रतिनिधियों के द्वारा एक लाख से अधिक घरौनी का वितरण किया गया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा।

**********

प्रयागराज महाकुम्भ दो हजार पच्चीस में श्रद्‌ालुओं के द्वारा आस्था की डुबकी लगाने का क्रम जारी है। देश और दुनिया के साथ प्रदेश के अलग अलग हिस्सों से श्रद्‌ालु महाकुम्भनगर में आकर पावन त्रिवेणी में स्नान का पवित्र लाभ ले रहे हैं। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी आज संगम स्नान कर लोक कल्याण की प्रार्थना की। श्री सिंह ने कहा कि महाकुम्भ भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म की आध्यात्मिक अनुभूति का महापर्व है।

**प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा है कि महाकुंभ का यह संदेश एक रहेगा भारत देश और इस सनातन आध्यात्मिक विश्व के सबसे बड़े जन समागम का कुशल संचालन किस तरीके से हमारे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्रीमान योगी आदित्यनाथ जी ने किया है। जिस श्रद्धा भाव से यहां के मुख्यमंत्री ने इस महाकुंभ का आयोजन किया है इसके लिये वे साधुवाद के पात्र हैं, बधाई के पात्र हैं।**

इसके पहले केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आज बमरौली हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उनका स्वागत किया। रक्षामंत्री के साथ भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी भी मौजूद रहे। त्रिवेणी स्नान के बाद रक्षामंत्री ने अक्षयवट और बड़े हनुमान जी का दर्शन पूजन भी किया।

**********

प्रयागराज के महाकुंभ नगर में श्रद्धालु और तीर्थयात्री अब आकाशवाणी के कुंभवाणी समाचार बुलेटिन को सार्वजनिक संबोधन प्रणाली से लाइव सुन सकते हैं। आज सुबह 8.30 बजे कुंभवाणी समाचार बुलेटिन महाकुंभ नगर में सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के माध्यम से प्रसारित किया गया। दस–दस मिनट का कुंभवाणी समाचार बुलेटिन सुबह साढे आठ बजे, दोपहर ढाई बजे और शाम साढे आठ बजे प्रसारित किया जा रहा है।

**********

अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर पांच फरवरी को होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की आज जांच की गई। इस दौरान चार निर्दलीय प्रत्याशियों का पर्चा तकनीकी खामियों की वजह से खारिज कर दिया गया। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान और सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद समेत 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। उपचुनाव के लिए कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था। नाम वापसी की आखिरी तारीख बीस जनवरी है।

**********

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने आज अयोध्या धाम स्थित श्रीराम मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर श्री शुक्ला ने कहा कि राम इस राष्ट्र की संस्कृति के नायक हैं। इनके दर्शन मात्र से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

**********